# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 380/2023

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2022 की सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक परीक्षाओं का प्रवेश–पत्र समिति की वेबसाईट से डाउनलोड कर परीक्षार्थी को वितरण कराने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के अधीनस्थ/मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्रों (Studey Centres) के Co-ordinator, संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा० शि०) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के** द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) परीक्षा दिसम्बर, 2022 की **सैद्धान्तिक परीक्षा दिनांक 08.11.2023 से 24.11.2023 तक** संचालित होगी, जिसका कार्यक्रम निम्नवत् है:–

**सैद्धांतिक परीक्षा कार्यक्रम**

| निर्धारित परीक्षा तिथि एवं दिन | प्रथम पाली (पूर्वाह्न 9:30 बजे से 12:45 बजे अपराह्न तक) | | द्वितीय पाली (अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे अपराह्न तक) | |
|---|---|---|---|---|
| | विषय कोड | विषय का नाम | विषय कोड | विषय का नाम |
| 08.11.2023 (बुधवार) | 301 | हिन्दी | 302 | अंग्रेजी |
| 09.11.2023 (गुरूवार) | 310 | गणित | 312 | रसायन विज्ञान |
| 10.11.2023 (शुक्रवार) | 313 | जीव विज्ञान | 311 | भौतिक विज्ञान |
| 11.11.2023 (शनिवार) | 315 | भूगोल | 314 | इतिहास |
| 13.11.2023 (सोमवार) | 306 | मैथिली | 319 | लेखाशास्त्र |
| | 307 | बांग्ला | 305 | भोजपुरी |
| 14.11.2023 (मंगलवार) | 303 | संस्कृत | 321 | मनोविज्ञान |
| | 308 | अरबी | | |
| 16.11.2023 (गुरूवार) | 317 | अर्थशास्त्र | 320 | गृह विज्ञान |
| 17.11.2023 (शुक्रवार) | 316 | राजनीति विज्ञान | 323 | समाजशास्त्र |
| 21.11.2023 (मंगलवार) | 328 | योग एवं शारीरिक शिक्षा | 322 | कम्प्यूटर विज्ञान |
| 22.11.2023 (बुधवार) | 327 | संगीत | 326 | चित्रकला |
| 23.11.2023 (गुरूवार) | 318 | व्यवसाय अध्ययन | 324 | शिक्षाशास्त्र |
| | | | 325 | दर्शनशास्त्र |
| 24.11.2023 (शुक्रवार) | 304 | उर्दू | 309 | मगही |

2. सभी पालियों में 15 मिनट का आरम्भिक समय परीक्षार्थी को प्रश्नों को पढ़ने व समझने के लिए दिया गया है।

3. परीक्षार्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, उन्हें नियमानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा नन–मैट्रिक स्तर के लेखक रखने की अनुमति दी जाएगी एवं इससे संबंधित सूचना समिति कार्यालय को भी उपलब्ध करायी जाएगी। ऐसे परीक्षार्थियों का परीक्षा के लिए निर्धारित समय में 20 मिनट प्रति घंटा अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

4. **दोनों पालियों में परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा प्रारंभ से 30 मिनट अर्थात्, आधा घंटा पूर्व तक ही दिया जाएगा। प्रथम पाली की परीक्षा जो पूर्वाह्न 09:30 बजे से प्रारंभ होगी, के लिए पूर्वाह्न 09:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा जो अपराह्न 02:00 बजे से प्रारंभ होगी, के लिए अपराह्न 01:30 बजे तक ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।**

5. सैद्धान्तिक परीक्षाओं की समाप्ति के उपरान्त उपस्थिति पत्रक, अनुपस्थिति पत्रक एवं मार्ग निदेर्शिका में अंकित अन्य सामग्रियों सभी सैद्धान्तिक परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों के द्वारा **दिनांक 26.11.2023 तक** संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्राप्त कराया जाएगा।

6. जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा सैद्धान्तिक परीक्षा के परीक्षोपरान्त की सामग्रियाँ समिति के विशेष दूत को **दिनांक 27.11.2023** को प्राप्त कराया जाएगा।

7. **प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 27.11.2023 से 01.12.2023 तक** संचालित होगी, जिसका कार्यक्रम निम्नवत् है:–

**प्रायोगिक परीक्षा कार्यक्रम**

| निर्धारित परीक्षा तिथि एवं दिन | प्रथम पाली (पूर्वाह्न 9:00 बजे से 12:00 बजे अपराह्न तक) | | द्वितीय पाली (अपराह्न 1:00 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक) | |
|---|---|---|---|---|
| | विषय कोड | विषय का नाम | विषय कोड | विषय का नाम |
| 27.11.2023 (सोमवार) | 311 | भौतिक विज्ञान | 312 | रसायन विज्ञान |
| 28.11.2023 (मंगलवार) | 313 | जीव विज्ञान | 328 | योग एवं शारीरिक शिक्षा |
| 29.11.2023 (बुधवार) | 322 | कम्प्यूटर विज्ञान | 327 | संगीत |
| 30.11.2023 (गुरूवार) | 326 | चित्रकला | 315 | भूगोल |
| 01.12.2023 (शुक्रवार) | 321 | मनोविज्ञान | 320 | गृह विज्ञान |

8. अध्ययन केन्द्रों के स्तर पर आयोजित प्रायोगिक विषयों की परीक्षा का स्टैण्डर्ड मार्क्स फ्वॉयल, उपस्थिति पत्रक, अनुपस्थिति पत्रक एवं अवार्ड शीट सभी अध्ययन केन्द्रों के को–ऑर्डिनेटर संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक **04.12.2023 तक** अनिवार्य रूप से प्राप्त करायेंगे।

9. जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा स्टैण्डर्ड मार्क्स फ्वॉयल, अवार्ड शीट आदि समिति के विशेष दूत को दिनांक **04.12.2023 से 05.12.2023** की अवधि में प्राप्त कराया जाएगा।

10. **बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के** द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) परीक्षा दिसम्बर, 2022 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन डाटा एवं Dummy प्रवेश–पत्र में किये गये सुधार के आधार पर सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक प्रवेश–पत्र बिहार विद्यालय परीक्षा **समिति की वेबसाइट– http://seniorsecondary.biharboardonline.com** पर दिनांक **25.10.2023** से जारी किया जायेगा।

11. बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड से संबंधित अध्ययन केन्द्र (Study Center) के प्रधान से अनुरोध है कि उनके अध्ययन केन्द्र (Study Center) से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र समिति द्वारा उपलब्ध कराये गए यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से उक्त वेबसाईट से डाउनलोड कर अपने हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ संबंधित परीक्षार्थी को प्राप्त कराना सुनिश्चित करेंगे तथा डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र के आधार पर एक समेकित विवरण पंजी भी संधारित कर सुरक्षित रखेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)**

Scanned with CamScanner